# जनगणना के प्रथम-चरण के प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश जारी

## मकानों के गणना का कार्य 1 मई से होगा

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 8 अप्रैल, कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय कुमार जैन ने जनगणना के प्रथम चरण के प्रचार-प्रसार के लिए तहसील और नगर परिषदों के चार्ज अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं.**

कलेक्टर ने कहा है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य आगामी एक से 30 मई के बीच संपन्न होगा, जबकि नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी. जनगणना के प्रति जनसामान्य में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न नि:शुल्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया है.कलेक्टर ने कहा है कि इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नगर निकायों की कचरा संग्रहण गाड़ियों के ऑडियो सिस्टम, प्रमुख चौराहों के सार्वजनिक उद्घोषणा तंत्र और शासकीय कार्यालयों के एलईडी डिस्प्ले का सहारा लिया जाएगा, जहां जनगणना से संबंधित संदेशों, वीडियो और स्लोगन का निरंतर प्रदर्शन होगा. इसके अतिरिक्त, स्थानीय केबल नेटवर्क और जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी नागरिकों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी. कलेक्टर ने सभी चार्ज अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन प्रचार गतिविधियों को संचालित करने और की गई कार्यवाही की रिपोर्ट फोटो व वीडियो सहित कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना कक्ष को भेजने के निर्देश दिए हैं. जनगणना की संवेदनशीलता और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए इस कार्य को अति-आवश्यक श्रेणी में रखा गया है. कलेक्टर ने किसी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिये है.

# बिजली बिल बकायादारों को पंचायत स्तर पर किया जाएगा सार्वजनिक : जैन

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में न बरतें ढिलाई, एचपीवी टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 8 अप्रैल, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में टी.एल समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सीमांकन, बंटवारा एवं फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन की तहसीलवार प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को इन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करने की हिदायत दी.**

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें.




कलेक्टपर ने ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के लंबित सीएम हेल्परलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये. उन्होंनि स्वायस्य्ष विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पालाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये. जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को मकान नंबरिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

बैठक में एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी बीएमओ को टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर ऐसे उपभोक्ताओं की सूची सार्वजनिक की जाए, जिनके बिजली बिल लंबे समय से अधिक मात्रा में बकाया हैं. उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग एवं पंचायत सचिव आपसी समन्वय से ग्रामवार बकायेदारों की सूची तैयार करें और उसे पंचायत भवन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किया जाए.

ताकि आमजन को जानकारी मिल सके. कलेक्टर ने सभी हैंडपंपों की जांच कर उनकी तकनीकी खराबियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए. बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एडीएम मौजूद रहे.

# डॉ . भीमराव अंबेडकर जयंती पर समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित कराएं

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 8 अप्रैल, भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्यम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा.**

मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड और नगर निकाय मुख्यालयों पर 14 अप्रैल तक समारोहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं. कलेक्टर ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझावों और निर्देशों के आधार पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करें. प्रत्येक स्तर पर मुख्य अतिथियों के नाम, कार्यक्रम स्थल, दिनांक और समय का निर्धारण समय रहते कर लिया जाए ताकि आयोजनों को सफल बनाया जा सके. कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यक्रमों के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है.

# रीना सिंह ने थाने पहुंचकर सम्भाला कार्यभार

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 8 अप्रैल, जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के बाद मऊगंज थाने की जिम्मेदारी अब बदल गई है.**

थाने में पदस्थ रहे संदीप भारती के स्थान पर अब रीना सिंह ने नई थाना प्रभारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. कार्यभार संभालते ही नवागत थाना प्रभारी रीना सिंह ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और जन-सुनवाई को सुदृढ़ करना उनका मुख्य लक्ष्य होगा, ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें. पुलिसिंग में पारदर्शिता और अनुशासन पर जोर देते हुए उन्होंने बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही है.

# कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी बाल्मीकि कथा

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 8 अप्रैल, हनुमना नगर के नगर आराध्य श्री हनुमानजी महाराज मंदिर परिसर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा त्रिवेणी अयोध्या के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंददास जी महाराज द्वारा बहाई जाएगी.**

उपरोक्त जानकारी देते हुए कथा के यजमान अवकाश प्राप्त प्राचार्य विष्णु प्रसाद पांडे ने बताया कि अयोध्या के प्रसिद्ध संत पंचारासाचार्य स्वामी श्री राम हर्षण दास जी महाराज के परम कृपा पात्र स्वामी रामानंद दास जी महाराज के मुखारविंद से कथा व्यास के रूप में श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा त्रिवेणी की अमृत धारा बहाई जायेगी जो नित्य अपराह्न 3:00 से कथा का शुभारंभ किया जाएगा और देर शाम तक कथा चलेगी.

श्री पांडे ने समस्त क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है.

## झरने की साफ-सफाई आज

हनुमना, 8 अप्रैल, मऊगंज जिले के अनुभाग हनुमना -अंतर्गत आदिवासी अंचल पिपराही सेक्टर के ग्राम पंचायत प्रतापगंज बेलहा हनुमान जी मंदिर के पास प्रकृति की मनोरम व सुरम्य वादियों के मध्य स्थित दिव्य मनमोहक प्राकृतिक झरने की साफ सफाई की जाएगी. समस्त समितियां से जुड़े स्वयंसेवकों को उपरोक्त सेवा कार्य में भाग लेने की अपील राज विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने करते हुए झरने की सफाई 9 अप्रैल को की जाएगी.

# ग्राम विकास सेवा समिति ने जल मंदिर प्याऊ का किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 8 अप्रैल, नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति विकासखंड मऊगंज के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ कॉलेज चौराहा मऊगंज में खोला गया.**

इस अवसर पर अजय चतुर्वेदी विकासखंड समन्वयक ने उद्घाटन कर जनता के लिए प्याऊ चालू किया नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी सदस्य प्रदीप केवट साधना चौरसिया पूजा मिश्रा रूप कुशवाहा परामर्शदाता बृजमोहन यादव अंशु गुप्ता उपस्थित रहे. वहीं जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल सेवा मानव सेवा को विस्तार से बताया गया तथा जल है तो जीवन है ,जल है तो कल है.




ढ़ेकहा तिराहे के आगे बीड़ा रोड़ में लगे जाम में फसे राहगीर

# बेटे के लिए तड़प रही मां, पुलिस से मदद नहीं

## दीपांशु 6 फरवरी को काम-धंधे की तलाश में घर से निकला था

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 8 अप्रैल, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद गोविंदगढ़ वार्ड क्रमांक 10 निवासी दीपांशु गुप्ता पिता स्वर्गीय शरमन गुप्ता बीते 6 फरवरी 2026 को काम-धंधे की तलाश में घर से निकला था.**

शुरुआती कुछ दिनों तक वह फोन के माध्यम से अपने परिजनों के संपर्क में रहा, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ माह से उसका मोबाइल बंद है और उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है.

परिजनों के अनुसार अचानक संपर्क टूट जाने से परिवार गहरे चिंता में है. बेटे की कोई खबर न मिलने से मां का रो-रोकर बुरा हाल है और वह लगातार उसके सुरक्षित लौटने की प्रार्थना कर रही है. मामले की सूचना गोविंदगढ़ थाने में भी दी गई, लेकिन अब तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है. परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है. परेशान मां ने पुलिस अधीक्षक रीवा से गुहार लगाते हुए अपने बेटे की सकुशल तलाश और जल्द पतासाजी कराने की मांग की है.

# मंजूरी के 13 वर्ष बाद भी रीवा मिर्जापुर रेल लाइन के निर्माण का कार्य अधर में

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 8 अप्रैल, केंद्र से लेकर प्रदेश तक विगत कई वर्षों से डबल इंजन की सरकार, इसके बावजूद भी देश के आजादी के समय से ही बहु प्रतिक्षित रीवा मिर्जापुर रेल लाइन का निर्माण न शुरू होने से अब निराशा छाने लगी है.**

इसके साथ जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की तरफ उंगलियां उठने लगी और लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. लोग स्पष्ट तौर से कहने लगे हैं कि रीवा सांसद की निष्क्रियता का परिणाम हम लोग भुगत रहे हैं. विदित हो कि उक्त रीवा मिर्जापुर रेल लाइन को रेलवे मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013 में मंजूरी प्रदान कर दी गई थी सर्वे कार्य भी जबलपुर रेलवे मंडल द्वारा पूरा कर लिया गया था, और निर्माण कार्य के लिए डीपीआर बनने वाला था की न जाने किसके दबाव में जबलपुर रेलवे मंडल द्वारा किए गए सर्वे को निरस्त कराकर प्रयागराज इलाहाबाद मंडल द्वारा पुन: सर्वे कराने की बात सामने आ गई और पूर्व में हुए सर्वे जो नेशनल हाईवे के समानांतर आर्थिक व्यापारिक एवं जन सुविधा के दृष्टि से किया गया था उसे निरस्त करा दिया गया. इस बात का उत्तर उक्त रेल लाइन के निर्माण के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ही सही ढंग से दे सकते हैं. मध्य प्रदेश में ही कई जिलों में साल 2 साल पहले मंजूर हुई रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया वहां के सांसद के त्वरित प्रयासों से काफी आगे बढ़ गई, राशि भी निर्माण के लिए उपलब्ध हो गई और निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई, परंतु एक दशक से ज्यादा समय से मंजूर हुई इस महत्वपूर्ण रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया आगे न बढ़ने से लोग जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के प्रति काफी आक्रोशित हैं. लोग यहां तक कह रहे हैं की, यही समीपी जिला सीधी के सांसद को देखिए दिन रात एक कर सीधी सिंगरौली रेल लाइन निर्माण की गति को युद्ध स्तर पर शुरू करा दिए परंतु दुर्भाग्य है रीवा का कि हमें इस तरह का जनप्रतिनिधि मिला है. आखिर हम सब कब तक हिंदुत्व और मोदी जी के नाम पर वोट देंगे, हमें विकास चाहिए, रोजगार चाहिए, रोटी चाहिए, अगर यह रेल लाइन का निर्माण हो जाए तो क्षेत्र के विकास के साथ-साथ अपने आप रोजी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा, और यहां के लोगों को पलायन न करना पड़ेगा.

# गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर भड़के निगम आयुक्त

## ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 अप्रैल. निगम आयुक्त डॉण् सौरभ सोनवणे ने वार्ड 02ए 03 एवं 05 में भ्रमण कर स्थलीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया.**

उन्होंने शिवकंठ नगर का भ्रमण करते हुए निर्देशित किया कि 100 मीटर और नाला निर्माण कर बरसात के पहले यहां की जलभराव की स्थिति को दूर किया जाएण् साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जहां फ्लो क्रॉसिंग में बाधा हो रही हैए वहां सेक्शन पाइप कर्व बनाकर सुचारू निकासी सुनिश्चित की जाएण

साथ ही उन्होंने दोही में नाली निर्माण हेतु एस्टीमेट बनाए जाने



के निर्देश दिएण् वार्ड 03 में भ्रमण के दौरान आयुर्वेदिक कॉलेज रोड पर कच्चे नाले के निर्माण हेतु एस्टीमेट एवं सीमांकन करने के निर्देश दिए.

वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कचरे के ढेर लंबे समय तक पड़े रहते हैंए उनका उठाव समय पर सुनिश्चित किया जाएण्दिल्ली दरबार द्वारा पार्किंग तक चौपाटी बनाए जाने के कारण वहां आवागमन बाधित हो रहा हैण् जिस पर उन्हें नोटिस जारी कर हटाने के सख्त निर्देश दिए गएण् वार्ड 05 में भ्रमण के दौरान संगम नगर रोड के गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्कालीन उपयंत्री पर रिकवरी के निर्देश दिएए साथ ही ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए.

इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक के स्थल का निरीक्षण किया एवं लेआउट पश्चात शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिएण् भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद राजीव शर्माए सहायक यंत्री राजेश मिश्राएअभिनव चतुर्वेदीए सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदीए उपयंत्री श्याम सुंदर मिश्राए हरेराम मिश्राए जनप्रतिनिधि शिवाकर कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे.

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 8 अप्रैल. प्रदेश के सभी जिलों के साथ साथ आज रीवा जिले मे भी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा.**

संचालक लोक शिक्षण द्वारा 02 मार्च को आदेश जारी कर माध्यमिक स्कूलो तक पढाने वाले शिक्षकों की परीक्षा लेने के आदेश जारी कर दियेण् जिससे शिक्षको मे आक्रोश व्याप्त हो गया शिक्षकों ने कहा कि 2010 से पहले भर्ती प्रक्रिया के जो तय मानक थेण् शिक्षको उन मानको को पूर्ण करते हुए चयनित हुआ है 23 अगस्त 2010 का भारत का राजपत्र यह स्पष्ट करता है कि 2010 तक नियुक्त शिक्षको को टीईटी यानि



शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट रहेगी शिक्षकों ने आरोप लगाया कि सर्वोच्च न्यायलय के जिस निर्णय का हवाला देकर परीक्षा कराई जा रही है उस पर सरकार ने कोर्ट मे शिक्षकों का पक्ष सही ढंग से रखा ही नही उन्होंने माँग की कि मुख्यमंत्री तत्काल इस पर रिव्यूपिटीशन लगाकर शिक्षको के हितो की रक्षा करे तथा केन्द्र सरकार तत्काल अध्यादेश लाकर कानून संशोधित करेण् जिससे देश के 25 लाख शिक्षको का भविष्य सुरक्षित हो सके अगर शीघ्र रिव्यूपिटीशन नही लाई गई तो अगले चरण मे शिक्षको का आक्रोश और बढेगा तथा 11 अप्रेल को ब्लाको मे तथा 18 अप्रेल को भोपाल की राजधानी भोपाल मे लाखो अध्यापक उग्र प्रदर्शन करेगेण् रैली में चन्द्रोदय मिश्राए राघवेन्द्र सोहगौराए रमेश प्रताप सिहए अनिल शुक्लाए राजेश्वर शर्माए रमाकांत शुक्लाए रणबहादुर सिहएराजबहादुर सिहए राकेश गौतमए जितेंद्र चतुर्वेदीए मिथिलेश तिवारीए राजेश सिहए राजीव तिवारीए चितेन्द्र मिश्रए हेमलाल चौरसियाए अशोक शुक्लाए अरविन्द सिहए सचिव मिश्राए रामाधार द्विवेदीए राधेश्याम सोनीए प्रतिभा जयसवालए कविता सिहए कविता रानीए मनीषा शर्माए अल्पना सिह तिवारीए पुष्पा मिश्राए लक्ष्मी सिहए उमा शुक्ला पूनम वर्माए शशी शुक्ला मौजूद रही.


# आधुनिक खेल परिसर निर्माण के लिए एनसीएल देगा 13 .29 करोड़ का सहयोग

## एनसीएल ने सिंगरौली में खेल परिसर निर्माण एवं संचालन के लिए जिला प्रशासन के साथ किया एमओयू

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 8 अप्रैल। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल ने सीएसआर के तहत सिंगरौली में खेल परिसर स्पोर्ट्स एकेडमी के निर्माण, संचालन एवं रख-रखाव के लिए जिला प्रशासन, सिंगरौली के साथ एमओयू किया।**

इस दौरान कलेक्टर गौरव बैनल एवं जिपं सीईओ जगदीश गोमे की उपस्थित में एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक सीएसआर राजीव



रंजन और जिला प्रशासन की ओर से कार्यकारी अभियंता म.प्र. आवास एवं अवसंरचना विकास शेर सिंह कलेश ने हस्ताक्षर किए। एनसीएल की इस सीएसआर पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं के लिए सिंगरौली परिक्षेत्र में खेलों के ढांचागत उन्नयन के साथ खेल पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करना है। इसके अतिरिक्त युवाओं की बेहतर फिटनेस के साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभा की पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करना भी है। इस एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा सिंगरौली में आधुनिक खेल परिसर का निर्माण, दो वर्षों तक उसका संचालन एवं रख-रखाव के लिए 13.29 करोड़ का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा।


इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाओं से युक्त इस खेल परिसर स्पोर्ट्स एकेडमी में स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट, क्रिकेट नेट प्रैक्टिस पिच और पार्किंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। एनसीएल की इस पहल से उपरोक्त वर्णित खेल की विधाओं में सिंगरौली परिक्षेत्र के खिलाड़ियों को योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण भी मिलेगा।

# सीमावर्ती राज्यों से गेहूं की अवैध आमद रोकने कड़ी निगरानी रखें : गौरव

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 8 अप्रैल। कलेक्टर गौरव बैनल ने गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदी शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रखने के लिए परिवहन, भंडारण और बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता पहले ही सुनिश्चित कर ली जाए।**

कलेक्टर गौरव बैनल ने स्पष्ट किया कि उपार्जन केंद्रों पर खरीदी



शुरू होने से पूर्व सभी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जित गेहूं का केंद्रों से निरंतर और व्यवस्थित परिवहन सुनिश्चित किया जाए, जिससे भंडारण और खरीदी प्रक्रिया बाधित न हो। इसके साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को सीमावर्ती राज्यों से गेहूं की अवैध आमद रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखने के निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केन्द्रो में बारदानों की उपलब्धता पर्याप्त रहे। साथ ही बारदानों की आवश्यकता अनुसार शासन स्तर पर तुरंत मांग भेजी जाए, ताकि खरीदी शुरू होने से पहले पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि उपार्जित गेहूं का सुरक्षित और व्यवस्थित भंडारण किया जाए, जिससे किसी प्रकार की क्षति या अव्यवस्था न हो।